## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 09.06.2017 को अपरान्ह 04:00 बजे सम्पन्न तृतीय बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 विनय कुमार पाठक<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर<br>एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री विमल कुमार, (प्रतिनिधि विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा)<br>वित्त नियन्त्रक,<br>प्राविधिक शिक्षा (उ0प्र0)<br>कानपुर। | सदस्य |
| 3. | श्री जे0 पी0 चौरसिया, (प्रतिनिधि वित्त विभाग)<br>संयुक्त निदेशक,<br>कोषागार एवं पेंशन,<br>कानपुर मण्डल, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | श्री करुणाकर सिंह<br>कुलसचिव,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर । | सदस्य |
| 5. | श्री राजेश सिंह<br>वित्त नियन्त्रक,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर । | सदस्य–सचिव |
| 6. | प्रो0 प्रमोद कुमार<br>परीक्षा नियन्त्रक,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर । | विशेष –आमन्त्री |

3.01 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 19/04/2017 दिन बुधवार को अपरान्ह 12:30 बजे सम्पन्न द्वितीय वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

समिति ने दिनांक 19/04/2017 को सम्पन्न वित्त समिति की द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

3.02 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 19/04/2017 दिन बुधवार को अपरान्ह 12:30 बजे सम्पन्न द्वितीय वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने दिनांक 19/04/2017 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सम्पन्न द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त एवं तत्सम्बन्धी कार्यवाही का संज्ञान लिया।

3.03 **विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं में उपकरणों एवं विभिन्न प्रकार की सामग्री आदि के कय एवं निर्माण/रखरखाव सम्बन्धी जारी किये जाने वाले टेण्डरों को जी0ई0एम0/ई-टेण्डरिंग की भी व्यवस्था लागू किये जाने पर विचार।**

समिति ने प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन कर विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं में उपकरणों एवं विभिन्न प्रकार की सामग्री आदि के कय एवं निर्माण/रखरखाव सम्बन्धी जारी किये जाने वाले टेण्डरों को जी0ई0एम0/ई-टेण्डरिंग के माध्यम से भी किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**3.04 विश्वविद्यालय को आंटोमेशन कराये जाने के दृष्टिगत NICSI से 02 प्रोग्रामर आबद्ध किये जाने पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय का आटोमेशन कराये जाने हेतु NICSI से 02 प्रोग्रामर आउट सोर्सिंग से आबद्ध किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**3.05 विश्वविद्यालय स्थित पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण में साफ–सफाई का कार्य टेण्डर के माध्यम से कराये जाने पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय स्थित पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण में साफ–सफाई का कार्य टेण्डर के माध्यम से कराये जाने पर मा0 अध्यक्ष महोदय ने सचिवालय एवं लोक भवन में लागू व्यवस्था का संज्ञान लेते हुए कार्य कराये जाने पर सहमति प्रदान की।

2. स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पश्चिमी प्रांगण में सुलभ सौचालय के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में समिति ने निर्देश दिये।

**3.06 विश्वविद्यालय के आयकर, सर्विस टैक्स तथा व्यापार कर का मासिक एवं त्रैमासिक रिटर्न जमा कराये जाने एवं बैलेन्सीट बनाये जाने आदि के कार्य हेतु चार्टेड एकाउन्टेन्ट का पैनल स्वीकृत किये जाने पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय के आयकर, सर्विस टैक्स तथा व्यापार कर का मासिक एवं त्रैमासिक रिटर्न जमा कराये जाने एवं बैलेन्सीट बनाये जाने आदि के कार्य हेतु प्रस्तावानुसार निम्नलिखत चार्टेड एकाउन्टेन्ट के पैनल द्वारा कार्य कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

| कमांक | नाम |
|---|---|
| 1. | मे0 विवेक के0 वी0 गुप्ता एण्ड कं0, कानपुर |
| 2. | मे0 डी0 फरसिया एण्ड कं0, कानपुर |
| 3. | मे0 राजीव मलहोत्रा एण्ड एसोसिएट्स, कानपुर |
| 4. | मे0 ए0के0 कनौजिया एण्ड एसोसिएट्स, कानपुर |

उक्त पैनल से यथावश्यकता कार्य कराने हेतु वित्त नियन्त्रक द्वारा मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त कार्यादेश निर्गत करते हुए कार्यों का सम्पादन कराया जायेगा।

3.07 विश्वविद्यालय द्वारा टी0ए0 डी0ए0 भुगतान पर संशोधित प्रकिया बनाये जाने पर विचार।

समिति ने विश्वविद्यालय द्वारा टी0ए0 डी0ए0 भुगतान पर संशोधित प्रकिया को अपनाये जाने पर सहमति प्रदान की।

3.08 विश्वविद्यालय स्थित पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण में सुरक्षा व्यवस्था उत्तर पदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 के माध्यम से कराये जाने पर विचार।

समिति ने विश्वविद्यालय में पूर्व में तैनात उ0प्र0 होमगार्डस को किये जा रहे भुगतान की सीमा के अंतर्गत ही विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण में सुरक्षा व्यवस्था को उत्तर पदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 के माध्यम से कराये जाने पर सहमति प्रदान की।

3.09 विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित अप्रवासी भारतीय छात्रों के शिक्षण शुल्क वृद्धि के प्रस्ताव पर विचार।

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त शैक्षिक सत्र 2017–18 में नव–प्रवेशित अप्रवासी भारतीय छात्रों से शिक्षण शुल्क 7000 $ के स्थान पर शिक्षण शुल्क 10000 $ प्रति छात्र लिये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.10 <u>विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक के प्रयोगार्थ 01 वाहन कय किये जाने पर विचार।</u>

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के वित्त नियन्त्रक के प्रयोगार्थ 01 वाहन रु0 10.00 लाख की सीमा के अंतर्गत वाहन कय किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.11 <u>विश्वविद्यालय के शिक्षकों के कक्षों हेतु एयर कंडीशनर तथा नवीन फर्नीचर उपलब्ध कराये जाने पर विचार।</u>

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के शिक्षकों के कक्षों हेतु एयर कंडीशनर तथा नवीन फर्नीचर उपलब्ध कय किये जाने के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय की बजटीय व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठता के आधार पर शिक्षकों को उक्त सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.12 <u>विश्वविद्यालय के समस्त छात्रावासों में उपलब्ध मेसों को ख्याति प्राप्त फर्मों से टेण्डर के माध्यम से चलाये जाने पर विचार।</u>

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के समस्त छात्रावासों में निवासरत् समस्त छात्र–छात्राओं हेतु शुद्ध एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराये जाने हेतु ख्याति प्राप्त फर्मों से टेण्डर आमंत्रित कर मेस चलाये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.13 **विश्वविद्यालय के समस्त छात्रावासों के मेस एकाउन्ट का आडिट कराये जाने के सम्बन्ध में विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के समस्त छात्रावासों के मेसों के खातों का आडिट चार्टड एकाउन्टेन्ट द्वारा कराया जाय।

3.14 **विश्वविद्यालय परिसर में संचालित किये जा रहे विज्ञान एवं उद्यमी पार्क (STEP) के खातों के संचालन के सम्बन्ध में।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विज्ञान एवं उद्यमी पार्क (STEP) में विवाद के कारण विधिक राय प्राप्त करने के निर्देश दिये।

3.15 **विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु प्राविधानित धनराशि तथा शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अंश को लेते हुए सामूहिक चिकित्सा बीमा व्यवस्था लागू किये जाने पर सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया।

3.16 विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध उद्यानों को टेण्डर के माध्यम से कराये जाने पर विचार।

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के दोनो परिसरों में उपलब्ध उद्यानों को समुचित व्यवस्था (मौसमी पेड़ पौधों को लगाने एवं उनके रखरखाव का कार्य) को टेण्डर के माध्यम से कार्य कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.17 **विश्वविद्यालय के समस्त भुगतान RTGS/DIGITAL PAYMENT के माध्यम से कराये जाने पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के समस्त भुगतानों को RTGS/DIGITAL PAYMENT के माध्यम से कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.18 **विश्वविद्यालय में किये जा रहे परीक्षण एवं परामर्श कार्यों हेतु सेल का गठन एवं उससे प्राप्त शुल्क के वितरण सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में किये जा रहे परीक्षण एवं परामर्श कार्यों हेतु सेल के गठन एवं उससे प्राप्त शुल्क के वितरण की नियमावली बनाये जाने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया–

| कमांक | नाम | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 सुनील कुमार | अध्यक्ष |
| 5. | प्रो0 आर0पी0 सिंह | सदस्य |
| 3. | प्रो0 पी0 के0 कमानी | सदस्य |
| 4. | प्रो0 के0एन0 उपाध्याय | सदस्य |
| 5. | प्रो0 शिशिर सिन्हा | सदस्य |
| 5. | डा0 पी0के0एस0 यादव | सदस्य |

उपरोक्त समिति आई0आई0टी0एवं एम0एन0आई0टी0 में विद्यमान व्यवस्था का अध्ययन कर सेल का गठन एवं वितरण नियमावली बनाये जाने के साथ यह भी ध्यान रखा जाय कि इससे विश्वविद्यालय को अधिकतम आय प्राप्त हो सके।

3.19 <u>विश्वविद्यालय के मैकेनिकल विभाग के विस्तारीकरण सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार।</u>

समिति ने विश्वविद्यालय के मैकेनिकल विभाग के विस्तारीकरण के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की।

3.20 <u>विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से आन लाइन शुल्क जमा कराने हेतु पंजाब नेशनल बैंक आजाद नगर कानपुर की शाखा को अधिकृत किये जाने पर विचार।</u>

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को आन लाइन के माध्यम से शुल्क जमा किये जाने पर पहले सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया एच0 बी0 टी0 यू0 शाखा से वार्ता करने के उपरान्त सक्षम रूप से कार्य न कर पाने की स्थिति में पंजाब नेशनल बैंक, आजाद नगर कानपुर की शाखा को अधिकृत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.20 <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।</u>

3.21.01 विश्वविद्यालय में विश्वबैंक सहायतित विश्वबैंक सहायतित तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (TEQIP-II) में शोध छात्र–छात्राओं को निर्धारित छात्रवृत्ति दिये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में विश्वबैंक सहायतित सुधार गुणवत्ता कार्यक्रम के द्वितीय चरण में Teaching Assistantship and Research Assistantship के अंतर्गत पूर्व पंजीकृत शोध छात्र–छात्राओं को निर्धारित छात्रवृत्ति हेतु परियोजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के लिए अवमुक्त किये गये अनुदान से अर्जित किये गये ब्याज से पात्र Teaching Assistantship and Research Assistantship को अप्रैल 2017 से जुलाई 2017 तक छात्रवृत्ति भुगतान किये जाने का प्रस्ताव दिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.21.02 विश्वविद्यालय के मुख्य भवन में लिफ्ट लगाये जाने पर विचार।

समिति ने प्रस्तुत प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय ने निर्देशित किया कि विकलांग कल्याण विभाग के द्वारा अनुदान उपलब्ध कराये जाने की दशा में दिव्यांग शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं के प्रयोगार्थ लिफ्ट लगाये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.21.03 **विश्वविद्यालय में स्थापित इन्क्यूवेशन हब हेतु आवश्यक मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने पर विचार।**

समिति ने प्रस्तुत प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित अटल इनोवेशन एवं इन्क्यूवेशन हब की योजना से धनराशि प्राप्त किये जाने के प्रयास किए जायें।

3.21.04 **विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के भवन में 02 कक्षा कक्षों तथा 02 नग शिक्षक कक्ष हेतु रखरखाव अनुभाग द्वारा निर्माण कराये जाने पर विचार।**

समिति ने प्रस्तुत प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के भवन में 02 कक्षा कक्षों तथा 02 शिक्षक कक्षों के निर्माण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की।

3.21.05 **विश्वविद्यालय में शोघ छात्रों की विभाग वार संख्या एवं फैलोशिप के प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के सभी विधाओं में 02 छात्र–छात्राओं प्रति विधा के अनुसार कुल 34 सीटों पर सत्र 2017–18 में प्रवेश लेते हुए यू0जी0सी0 / ए0आई0सी0टी0ई0 नार्मस के अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.21.06 **विश्वविद्यालय में Distinguised Alumni Network के मजबूत करने के प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में Distinguised Alumni Network को सुदृढ़ करने पर सहमति व्यक्त की जिससे छात्रावास में सुविधाओं में बढ़ोत्तरी तथा तकनीकी उन्नयन एवं परामर्श आदि के कार्य होंगे इस हेतु प्रारम्भ में रु0 5.00 लाख सीड मनी दिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

3.21.07 **विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष स्नातक एवं परास्नातक छात्रों के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन में अभिवृद्धि के उपायों पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में अंतिम वर्ष स्नातक एवं परास्नातक छात्रों के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन में अभिवृद्धि हेतु बाह्य संस्थाओं के प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों को आमंत्रित कर अंग्रेजी, जर्मन इत्यादि भाषाओं एवं व्यक्तित्व विकास के कार्यक्रमों को आयोजित कराये जाने पर आने वाले व्यय को विश्वविद्यालय द्वारा वहन किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (राजेश सिंह)<br>सदस्य सचिव | (डा0 करुणाकर सिंह)<br>सदस्य | (जे0पी0 चौरसिया)<br>सदस्य | (विमल कुमार)<br>सदस्य |

(प्रो0 विनय कुमार पाठक)
कुलपति
एवम्
अध्यक्ष, वित्त समिति,
एच0बी0टी0यू0, कानपुर